# दमण-दीव सांसद उमेश पटेल को लंदन में आयोजित Indo European Business Forum में अतिथि के रुप में शामिल होने का मिला न्यौता

■ Indo European Business Forum में बतौर अतिथि शामिल होना प्रदेशवासियों के लिए गौरव और हर्ष की बात है : सांसद उमेश पटेल






असली आजादी न्यूज नेटवर्क, लंदन 03 सितंबर। दमण-दीव सांसद उमेश पटेल को लंदन में आयोजित Indo European Business Forum में अतिथि के रुप में शामिल होने का न्यौता मिला है। 11 से 14 सितंबर 2024 तक ब्रिटेन के लंदन शहर में आयोजित होने वाले Indo European Business Forum International Conclave on Good Governance विषय पर आयोजित होने जा रहा है। जिसमें दमण-दीव सांसद उमेश पटेल को भी अपने विचार प्रकट करने का अवसर दिया गया है। इस Indo European Business Forum में विश्वभर के लीडर, पॉलिसी मेकर एवं शिक्षाविद भाग लेंगे। कांन्क्लेव का मकसद विश्व में सभी सरकारे साथ मिलकर कार्य करे और जिससे कि ज्यादा से ज्यादा जनहित के कार्य किये जा सके। इस इंडो यूरोपियन बिजनेस फोरम का आमंत्रण मिलने पर दमण-दीव सांसद उमेश पटेल ने कहा कि यह हमारे सभी प्रदेशवासियों के लिए गौरव और हर्ष की बात है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपने देश की बात रखने का सम्मान दमण-दीव प्रदेशवासियों के समर्थन एवं आशीर्वाद से ही संभव हुआ है। गौरतलब है कि दमण-दीव के इतिहास में पहली बार कोई सांसद ब्रिटेन के दौरे पर पहुंचा है। 1987 से 2024 तक ब्रिटेन पहुंचकर हजारों दमण-दीववासियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करने वाले उमेश पटेल पहले सांसद बन गए है।

# संघ प्रदेश थ्रीडी भाजपा प्रभारी दुष्यंत पटेल के मार्गदर्शन में दादरा नगर हवेली जिले में आज भाजपा सदस्यता अभियान के तहत नागरिकों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की





असली आजादी न्यूज नेटवर्क, सिलवासा 03 सितंबर। संघ प्रदेश थ्रीडी भाजपा प्रभारी दुष्यंत पटेल के मार्गदर्शन में आज दादरा नगर हवेली जिले में भाजपा सदस्यता अभियान चलाया गया। नरोली मंडल में भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्षा जुली सोलंकी के नेतृत्व में 115 महिलाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सिलवासा शहर में मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष शांतू पूजारी ने व्यापारियों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस अभियान में भाजपा प्रभारी दुष्यंत पटेल, भाजपा अध्यक्ष दीपेश टंडेल सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रभारी महेश आगरिया, महामंत्री जीतु माढा, धर्मेश सिंह चौहाण, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना पटेल, नरोली भाजपा मंडल प्रमुख योगेश सोलंकी, भाजपा नेता मनीष देसाई, सिलवासा म्युनिसिपल प्रेसिडेंट रजनी शेट्टी, काउंसिलर सुमन पटेल, सिलवासा शहर भाजपा अध्यक्ष अजय देसाई सहित बडी संख्या में व्यापारियों एवं महिलाओं की उपस्थिति रही।






# दीव में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एनएसएस वालंटियर्स के मास्टर वालंटियर्स के लिए प्रशिक्षण सत्र का हुआ आयोजन



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव 03 सितंबर। भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को विभिन्न प्रकार के नशे से मुक्ति दिलाना और विभिन्न प्रकार के नशे के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना है। साथ ही नशीली दवाओं के दुरुपयोग से मानव शरीर के महत्वपूर्ण अंगों को होने वाले नुकसान के बारे में भी जानकारी देना हैं। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत दीव जिला समाहर्ता और नशा मुक्त भारत अभियान की अध्यक्ष भानु प्रभा के निर्देशन और मार्गदर्शन में दीव जिला उप समाहर्ता शिवम मिश्रा की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण इकाई दीव द्वारा उपरोक्त मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करती वरिष्ठ राज्य समन्वयक एवं दीव कॉलेज के संयुक्त प्रयास से आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोघला के सभागार में एनएसएस वालंटियर्स के मास्टर वालंटियर्स के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें उपरोक्त मंत्रालय का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ राज्य समन्वयक अभिनव घोलप एवं राज्य समन्वयक अन्वेशा तिवारी ने नशा मुक्त भारत अभियान के क्रियान्वयन के मुख्य उद्देश्य एवं विभिन्न प्रकार के नशीले पदार्थों एवं इससे होने वाले नुकसान के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसके अलावा उन्होंने मास्टर्स वालंटियर्स को नशा मुक्ति भारत अभियान के मोबाइल एप्लीकेशन के बारे में जानकारी दी। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के साथ सलाहकार अभिनव घोलप, अन्वेशा तिवारी, जिला बाल सुरक्षा अधिकारी मैत्री भट्ट, दीव कालेज के एनएसएस आफिसर कोकिला डाभी, डा. विरल पटेल सहित अधिकारियों एवं एनएसएस वालंटियर्स के मास्टर वालंटियर्स की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन निकेता वंश ने किया।


## દેવલોક પામ્યા છે



સ્વ. દેવીલાબેન નગીનદાસ શાહ
જન્મ તા. ૨૧/૦૪/૧૯૪૦ સ્વ. તા. ૦૩/૦૯/૨૦૨૪
અત્યંત દિલગીરી સાથે જણાવવાનું કે અમારા માતૃશ્રી દેવીલાબેન નગીનદાસ શાહ તા. ૦૩/૦૯/૨૦૨૪ને મંગળવારના રોજ સ્વર્ગવાસ પામ્યા છે.
પ્રભુ એમના આત્માને શાંતિ અર્પે એજ પ્રાર્થના.
સદ્ગત ની અંતિમ યાત્રા તા. ૦૪/૦૯/૨૦૨૪ ને બુધવાર ના રોજ સવારે ૯:૩૦ કલાકે તેમના નિવાસસ્થાને થી નિકળશે.
લિ. શોકાતુર
પ્રશાંત એન. શાહ, બિપીન બી. શાહ, હિરેન સી. કાજ, સંદિપ સી. કાજ
સ્વીટી પી. શાહ, અરૂણા બી. શાહ, અંજના એચ. કાજ, તરૂણા એસ. કાજ
દક્ષેશ, કનહાય, ધંનજય, ગ્રીષ્મા, દર્ષિતા, દેવાંશ
નિવાસ સ્થાનઃ સુદર્શન, ગલી નંબર-૬, દિલીપ નગર સોસાયટી, તીન બત્તી, નાની દમણ. મો: 9825812222

## શ્રદ્ધાંજલિ



સ્વ. દેવીલાબેન નગીનદાસ શાહ
જન્મ તા. ૨૧/૦૪/૧૯૪૦ સ્વ. તા. ૦૩/૦૯/૨૦૨૪
જીવન એવુ જીવી ગયા કે સૌ સદા આપને યાદ કર્યા કરે,
કર્મ સદા એવા કર્યા કે સૌના હૃદયમાં ગુંજ્યા કરે
જીવનમાં દુઃખથી કદી ડર્યા નહી, વ્યવહાર કદી ચુક્યા નહીં,
ધર્મ કદી ભૂલ્યા નહી, સુખ દુઃખમાં સદા હસતા રહ્યા
આપના દિવ્ય આત્માને પ્રભુ શાંતિ અર્પે એજ પ્રાર્થના.
લિ.
પ્રશાંત એન. શાહ, બિપીન બી. શાહ, હિરેન સી. કાજ, સંદિપ સી. કાજ
સ્વીટી પી. શાહ, અરૂણા બી. શાહ, અંજના એચ. કાજ, તરૂણા એસ. કાજ
દક્ષેશ, કનહાય, ધંનજય, ગ્રીષ્મા, દર્ષિતા, દેવાંશ
નિવાસ સ્થાનઃ સુદર્શન, ગલી નંબર-૬, દિલીપ નગર સોસાયટી, તીન બત્તી, નાની દમણ. મો: 9825812222

## શ્રદ્ધાંજલિ



સમજવી કઠીન છે આ સંસારની માયા, અમર નથી રહેતી કોઈ જીવનની કાયા, રહે મૃત્યુબાદ સ્મરણોની છાંયા, લાગણીના હૃદય ભીના હેત તણાં ઓછાયા, કેમ કરીને જાય મનમાંથી સ્વજનની છાંયા.
પ્રભુ આપના દિવ્ય આત્માને પરમ શાંતિ અર્પે એજ પ્રાર્થના.
બેસણું: તા. ૦૪-૦૯-૨૦૨૪ના રોજ સાંજે ૪ કલાકે અમારા નિવાસ સ્થાને રાખેલ છે.
સ્વ. ભીખાભાઈ સીદીભાઈ બામણીયા
જન્મ તા. ૧૫/૦૫/૧૯૪૯
સ્વ. તા. ૦૨/૦૯/૨૦૨૪
(શ્રાવણ વદ અમાસ) સોમવાર
લિ.
સ્વ. પુજીબેન ભીખાભાઈ, ધનજીભાઈ ભીખાભાઈ, છગનભાઈ ભીખાભાઈ, રામજીભાઈ ભીખાભાઈ, સ્વ. સોમાભાઈ સીદી, કરશનભાઈ સીદી, ભગવાનભાઈ સીદી
રામાભાઈ સીદી, લખમભાઈ સીદી, રતનબેન મંડાણ, રજીબેન લખમભાઈ, વેલજીભાઈ પૂંજાભાઈ, અમૃતલાલભાઈ છગનભાઈ, જીવનભાઈ કરશનભાઈ
નિવાસ સ્થાનઃ મોટી ઢોલાવાડી સાઉદવાડી, SBI બેંકની બાજુમાં, દીવ


स्वामीः मारुतिनंदन पब्लिक, संपादक, प्रकाशक व मुद्रक विजय जगदीशचंद्र भट्ट द्वारा गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल, नानी दमण - 396210 से प्रकाशित तथा असली आजादी प्रेस गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल नानी दमण - 396210 से मुद्रित।
(समाचारों के चयन के लिए संपूर्ण जिम्मेदारी पीआरबी एक्ट के अंतर्गत संपादक की होगी। किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र दमण न्यायालय के अधीन होगा।)